# मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल

**स्रोत: द हिंदू**

पाँच सैन्य कर्मियों को **वर्ष 2023** और **वर्ष 2024** के लिये **सैन्य टोह, अन्वेषण** और **साहसिक कार्य** में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ** द्वारा **मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल** से सम्मानित किया गया।

- **इतिहास:** यह पुरस्कार **वर्ष 1870** में **यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI)** के संस्थापक **मेजर जनरल सर चार्ल्स मेटकाफ मैकग्रेगर** के सम्मान में **3 जुलाई 1888** को संस्थापित किया गया था।
  - **USI नई दिल्ली** में स्थित एक राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा सेवा **प्रबुद्ध मंडल** है।
- **परिचय:** प्रारंभ में यह मेडल **सैन्य टोह/आवीक्षण और अन्वेषण** के लिये प्रदान किया जाता था जिसके दायरे में **वर्ष 1947 के बाद विस्तार किया गया और इसमें पर्वतारोहण, नौकायन और अल्ट्रा-रनिंग** जैसी साहसिक गतिविधियाँ भी शामिल कर दी गईं।
  - यह मेडल **भारतीय सेना**, **नौसेना**, **वायु सेना**, **प्रादेशिक सेना**, **रिज़र्व बल**, **राष्ट्रीय राइफल्स** और **असम राइफल्स** के सभी रैंक के कर्मियों को प्रदान किया जा सकता है।
- **चार्ल्स मेटकाफ:** यह **ब्रिटिश अधिकारी और खोजकर्त्ता अथवा गवेषक** थे। **उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों का सर्वेक्षण** और मानचित्रण करके, आसूचना एकत्र करके और हिमालय के दुर्गम क्षेत्रों के बारे में **ब्रिटिश ज्ञान का वर्द्धन कर एंग्लो-भूटान युद्ध (1864-1865)** में योगदान दिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/macgregor-memorial-medal